# प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026

# सूचना विवरणिका

## Two Year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) Entrance Exam 2026

# INFORMATION BROCHURE

- **Opening Date for Submission of Online Application : 15.09.2026 (11:00 AM)**
- **Last Date for submission of Online Application : 06.10.2026 (11:59 PM)**
- **Last Date for submission of Fee : 08.10.2026 (11:59 PM)**
- **Duration For Correction in Particulars : 09.10.2025 to 11.10.2025 (11:59PM)**

**Proposed Date of Examination: 18 November, 2026 (Wednesday)**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
पो0ऑ0 रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड : 244715
फोन नं0: **(05947)- 254275**
email : **secy-ubse-uk@nic.in/deled2015@gmail.com**
वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in/www.ukdeled.com**

# द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026
# सामान्य दिशा निर्देश

**1. पृष्ठभूमि और आधार :–**

राज्य में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (DIET) में संचालित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। **ऑनलाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किये गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारूप एवं माध्यम के अनुसार ही आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे।**

शासनादेश संख्या : 428491/XXIV-A-1/2026-39646 बेसिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून, दिनांक 03 सितम्बर 2026 में वर्णित प्रावधानों के क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 **दिनांक 18 नवम्बर, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित है।**

प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर **दिनांक 15 सितम्बर, 2026 से** ऑनलाइन आवेदन (प्रक्रिया हेतु परिशिष्ट : एक देखें) आमंत्रित किये जाते हैं। **ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 06 अक्टूबर, 2026 रात्रि 11:59 बजे एवं ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 08 अक्टूबर, 2026 रात्रि 11:59 बजे तक है। निर्धारित अंतिम तिथि व समय के बाद आवेदन पत्र/परीक्षा शुल्क किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

**ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश परिशिष्ट : एक पर अंकित हैं। ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व इस विवरणिका में दिये गये निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें तथा उसी के अनुसार आवेदन करें। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व विज्ञापन में वर्णित अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों। अभ्यर्थी की शैक्षिक अर्हता के संबंध में परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि, वह तिथि मानी जाएगी जो अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि हो।**

**अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत किये गये विवरण के आधार पर उसे परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा किन्तु चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की जॉच करने के उपरान्त ही जनपद/डायट आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।** प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित काउंसिलिंग में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा शैक्षिक योग्यता, जाति, निवास, जन्म प्रमाणपत्र, आरक्षण संबंधी प्रमाणपत्र आदि) अनिवार्यतः प्रस्तुत करने होंगे। जनपद आवंटन के उपरांत प्रवेश के समय भी संबंधित संस्थान के प्राचार्य के समक्ष मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत ही चयनित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश दिया जायेगा। **किसी भी स्तर पर कोई भी तथ्य/सूचना या प्रमाणपत्र असत्य/गलत पाये जाने या प्रस्तुत न करने पर चयन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा और संबंधित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। इस संबंध में अभ्यर्थी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

*अन्तिम रूप से आवेदन पत्र जमा होने के पश्चात किसी भी दशा में कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जायेगा। विज्ञापन के अनुसार वांछित अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतया अभ्यर्थी की होगी और इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।*

## 2. द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण में चयन हेतु प्रवेश परीक्षा की पात्रता :–

(क). कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या : 59/XXX-2/19/01(17)/2012 दिनांक 07 फरवरी, 2019 एवं अधिसूचना संख्या : 164/XXX-2/19/01(17)/2012 दिनांक 28.06.2019 द्वारा संशोधित, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के पदों की भर्ती के लिए अनिवार्य / वांछनीय अर्हता (संशोधन) नियमावली 2019 के द्वारा संशोधित नियम– 4 उपनियम (2) उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन करने के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होगा ''जिसने अपनी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष स्तर की शिक्षा उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त की हो, परन्तु यह कि सैनिक / अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत तथा राज्य सरकार अथवा उसके अधीन स्थापित किसी राजकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में नियमित पदों पर नियमित रूप से नियुक्त कार्मिकों एवं केन्द्र सरकार अथवा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में नियमित पदों पर नियमित रूप से उत्तराखण्ड में कार्यरत ऐसे कर्मी, जिनकी सेवायें उत्तराखण्ड से बाहर स्थानान्तरित नहीं हो सकती हों, स्वयं अथवा उनके पति / पत्नी, जैसी भी स्थिति हो, तथा उनके पुत्र / पुत्री, राज्याधीन सेवाओं में समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर चयन हेतु आवेदन के पात्र होंगे।

परन्तु यह और कि राज्य के स्थाई निवासी जो आजीविका / अध्ययन हेतु उत्तराखण्ड के बाहर निवासरत हैं, के स्वयं अथवा उनके पति / पत्नी जैसी भी स्थिति हो तथा उनके पुत्र / पुत्री भी, समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर आवेदन हेतु पात्र होंगे।'' **के अनुसार अभ्यर्थी द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।**

### (ख). प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा केन्द्र :–

अभ्यर्थी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी जनपद से द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया जा सकेगा। **अभ्यर्थी से प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शहरों के विकल्प भरवाये जायेंगे (प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शहरों की सूची परिशिष्ट : दो पर)।** अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्रों के आवंटन उसके द्वारा दिये गये विकल्पों की वरीयतानुसार किया जायेगा।

### (ग). शैक्षिक योग्यता :–

अभ्यर्थी द्वारा द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु **आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से विज्ञान अथवा विज्ञानेत्तर विषयों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली गयी हो।**

### (घ). उपलब्ध स्थानों (सीटों) की संख्या:–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु जनपदवार आवंटित सीटों के प्रति 50 प्रतिशत विज्ञान वर्ग एवं 50 प्रतिशत विज्ञानेत्तर वर्ग के अभ्यर्थियों को चयनित किया जायेगा।

| क्र0सं0 | वर्ग | कुल उपलब्ध स्थान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञान वर्ग | **325** | प्रत्येक डायट / जनपद में 25 सीटें |
| 2 | विज्ञानेत्तर वर्ग | **325** | प्रत्येक डायट / जनपद में 25 सीटें |
| | **योग** | **650** | **प्रत्येक डायट / जनपद में 50 सीटें** |

बी0एस0सी0 योग्यताधारी एवं कृषि वर्ग के स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थियों हेतु विज्ञान वर्ग तथा बी0ए0 योग्यताधारी एवं वाणिज्य वर्ग के स्नातक अभ्यर्थियों को विज्ञानेत्तर वर्ग में रखा जायेगा तथा बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0कॉम0 के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थियों के वर्ग का निर्धारण उनके इण्टरमीडिएट वर्ग के आधार पर किया जायेगा। इण्टरमीडिएट कृषि वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त

से इतर अन्य वर्गों से स्नातक हैं, विज्ञान वर्ग में आवेदन कर सकेंगे। इण्टरमीडिएट वाणिज्य वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त से इतर अन्य वर्गों से स्नातक हैं, विज्ञानेत्तर वर्ग में आवेदन कर सकेंगे।

**उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञान वर्ग एवं विज्ञानेत्तर वर्ग में निर्धारित किया जायेगा।** चयन सूची प्रवेश परीक्षा की श्रेष्ठता के अवरोही क्रमानुसार तैयार की जायेगी।

(ड़). आरक्षण :–

कार्मिक विभाग द्वारा सेवायोजन में विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों को उर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य किये जाने हेतु जारी शासनादेशानुसार उर्ध्वाधर एवं क्षैतिज (Vertical & Horizontal) आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

शासनादेश संख्या : 1028/XXIV(1)/2019/02/2018, दिनांक 21.10.2019 एवं शासनादेश संख्या : 1389/XXIV(1)/2020/02/2018, दिनांक 11.01.2021 के बिन्दु संख्या– 2–2 (ग) के अनुपालन में ''श्रेणी, वर्ग एवं उप वर्गवार सीटों का वर्गीकरण करते हुए सम संख्या आने पर उसे बराबर विषयों में विभाजित कर दिया जायेगा एवं विषम संख्या आने पर उसकी पूर्ति चक्रानुक्रम से श्रेणी के अनुसार आगामी प्रवेश परीक्षा में पूर्ति कर दी जायेगी। इसी प्रकार उर्ध्वाधर (Vertical) आरक्षण की भांति ही क्षैतिज (Horizontal) आरक्षण में भी सीटों का निर्धारण किया जायेगा''।

नोट :–

***डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी स0अ0 प्राथमिक विद्यालय के पद हेतु आवेदन करने के लिये अर्ह होते हैं। सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय के पद केवल दिव्यांगजन श्रेणी ओ0एल0, ओ0ए0, बी0,सी0पी0, एल0सी0, एल0वी, डीडब्ल्यू0, ए0ए0वी0/ए0वी0, एम0डीडब्ल्यू0, एल0वी0/पी0बी0, एच0एच0/पी0डी0, एम0डी0 हेतु चिन्हित हैं। अतः इस परीक्षा के लिए आवेदन हेतु यही दिव्यांगजन श्रेणियां अर्ह होंगी। अतः उक्त श्रेणी के दिव्यांगजन ही दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करें।***

अभ्यर्थी ऊर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी की अंकना आवेदन पत्र में अवश्य करें। **आरक्षण का दावा न किये जाने की दशा में अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी का माना जायेगा।** आरक्षण विषयक प्रमाण पत्र **ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि** से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा अवश्य धारित करना चाहिए।

**आरक्षण का लाभ कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशानुसार उत्तराखण्ड राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य होगा।**

(च). आयु सीमा :–

**अभ्यर्थी की आयु प्रशिक्षण प्रारम्भ होने वाले वर्ष की प्रथम जुलाई अर्थात् 01 जुलाई, 2027 को 19 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो।** आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को कार्मिक विभाग के शासनादेशों के अनुरूप अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। **न्यूनतम आयु सीमा में किसी प्रकार की छूट देय नहीं होगी।** भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु सीमा में छूट केवल स्वयं के लिए राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेश के अनुरूप नियमानुसार देय होगी।

(छ). डी0एल0एड0 प्रशिक्षण एवं सेमेस्टर परीक्षा शुल्क विवरण :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण स्ववित्त पोषित रूप से संचालित किया जायेगा। द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी से प्रतिवर्ष रू0 **35000.00** (पैंतीस हजार रूपये मात्र) प्रशिक्षण शुल्क लिया जायेगा एवं प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी से प्रति सेमेस्टर रू0 **1000.00** (एक हजार रूपये मात्र) परीक्षा शुल्क लिया जायेगा।

(ज). द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यार्थियों को **प्रशिक्षणोपरान्त राजकीय सेवा में सेवायोजित किये जाने की कोई बाध्यता नहीं होगी** किन्तु तत्समय प्रचलित सेवा नियमावली में विहित न्यूनतम प्रशिक्षण/अन्य निर्धारित योग्यता धारित करने वाले अभ्यर्थियों को ही नियमानुसार सेवा में लिया जायेगा।

3. चयन का आधार :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन, प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर किया जायेगा। चयन सूची प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के अवरोही क्रमानुसार तैयार की जायेगी।

4. प्रवेश परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की **बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित** होगी। **परीक्षा की अवधि 02 घण्टे 30 मिनट होगी,** जिसमें 200 प्रश्न होंगे और **प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।** प्रत्येक प्रश्न के 04 विकल्प दिये जायेंगे, जिनमें एक विकल्प सही होगा। प्रश्न मुख्यतः **सामान्य ज्ञान/बोध, सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति, संख्यात्मक योग्यता** एवं **शिक्षण अभिरूचि** विषयों पर आधारित होंगे, **जिनका ज्ञान एक सामान्य स्नातक योग्यताधारी से अपेक्षित है।**

उत्तर पुस्तिका के रूप में **ओ0एम0आर0 शीट का प्रयोग** किया जायेगा। किसी भी प्रश्न के उत्तर में ऋणात्मक अंक नहीं दिया जायेगा। प्रश्नपत्र द्विभाषिक (हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में) होंगे।

**अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत किये गये विवरण के आधार पर उसे परीक्षा में सम्मिलित कर परीक्षाफल तैयार किया जायेगा, किन्तु काउंसिलिंग के समय सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की जॉच कर अन्तिम चयन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी किसी भी सूचना में किसी प्रकार की विसंगति पाये जाने पर परीक्षाफल निरस्त करते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।**

5. परीक्षा आयोजन हेतु अधिकृत संस्था :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा किया जायेगा। परीक्षा आयोजन से लेकर परिणाम घोषित करने तक के समस्त कार्य परिषद् द्वारा ही सम्पादित किये जायेंगे। परिषद् इस परीक्षा के संचालन हेतु विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित करेगी।

6. प्रवेश हेतु चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची तैयार किया जाना :–

अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर राज्य स्तर पर आरक्षित श्रेणीवार निर्धारित प्रतिशत के अन्तर्गत उनकी पृथक–पृथक योग्यता सूची तैयार की जायेगी। अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में योग्यता सूची तैयार की जायेगी।

योग्यता सूची के आधार पर काउंसिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया सम्पादन के उपरान्त वास्तविक रूप से रिक्त रही सीटों की संख्या के सापेक्ष विज्ञान/विज्ञानेत्तर वर्ग में ऊर्ध्व/क्षैतिज आरक्षणवार प्रतीक्षा सूची भी निर्गत की जायेगी। जिस वर्ग/श्रेणी का अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु उपस्थित नहीं होता है, तो उसी वर्ग/श्रेणी के अभ्यर्थी को आमंत्रित किया जायेगा।

**योग्यता सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु जनपद का आवंटन राज्य स्तर पर आयोजित काउंसिलिंग के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थी को योग्यता सूची में प्राप्तांकों के अवरोही क्रमानुसार, काउंसिलिंग के समय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु जनपदों के विकल्प भरवाकर, अभ्यर्थी के द्वारा भरे गये विकल्पों के आधार पर प्रशिक्षण हेतु जनपद आवंटित किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थियों की सूची को आवंटित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को भेजने का उत्तरदायित्व एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून का होगा।**

## 7. राज्य स्तर पर डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा एवं प्रवेश हेतु समिति का गठन :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित मामलों पर पात्र अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण–पत्रों का परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित समिति गठित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण | : अध्यक्ष / परीक्षा नियंत्रक प्राधिकारी |
| 2. | अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 | : सदस्य / सचिव |
| 3. | सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर द्वारा नामित अपर सचिव स्तर का एक अधिकारी | : सदस्य |
| 4. | निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण द्वारा नामित एक श्रेणी–2 का अधिकारी (अनु0जा0 / अनु0ज0जा0 / अ0पि0व0 से सम्बन्धित) | : सदस्य |
| 5. | निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा नामित संयुक्त / उप निदेशक स्तर का सेवा–2 पटल का अधिकारी | : सदस्य |

## 8. द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण एवं सेमेस्टर मूल्यांकन :–

सम्बन्धित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु अध्ययनरत् प्रशिक्षणार्थियों का सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक कार्यों का सेमेस्टर मूल्यांकन, वार्षिक मूल्यांकन, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा सम्पादित कराया जायेगा। प्रति सेमेस्टर की परीक्षा से पूर्व आन्तरिक आकलन के अंक कम से कम 15 दिन पहले बोर्ड को उपलब्ध कराने का दायित्व प्राचार्य, सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का होगा। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल द्वारा परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से उपलब्ध करवाये जायेंगे।

## 9. द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा शुल्क :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए शुल्क की दरें निम्नवत् होंगी :–

| | | |
|---|---|---|
| **a.** | सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | : **600.00** (छः सौ रुपये)। |
| **b.** | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | : **300.00** (तीन सौ रुपये)। |
| **c.** | सभी वर्गों के निःशक्त (दिव्यांग) अभ्यर्थियों के लिए | : **150.00** (एक सौ पचास रुपये)। |

## 10. अन्य नियम :–

(क) द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु प्रविष्ट अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कराया जायेगा। **प्रमाण–पत्र फर्जी / कूटरचित पाये जाने पर प्रवेश निरस्त करने के साथ ही सम्बन्धित के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।** प्रवेश के समय इस आशय का शपथ पत्र भी अभ्यर्थी को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जमा करना होगा।

(ख) द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की क्षमता एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्ष 50 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

(ग) वैश्विक महामारी / संक्रमण के दृष्टिगत या अन्य किन्हीं विशेष परिस्थितियों में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु चयनित प्रशिक्षुओं का कक्षा–कक्ष शिक्षण ऑनलाइन संचालित किया जा सकता है।

11. लिखित परीक्षा केन्द्र :–

- लिखित परीक्षा हेतु राज्य के सभी 13 जनपदों के 29 शहरों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट : दो** में दिया गया है। परीक्षा केन्द्र हेतु अभ्यर्थी अपने इच्छित परीक्षा शहर का नाम/कोड का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अवश्य करें। अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्रों के आवंटन हेतु उसके विकल्पों के आधार पर वरीयता दी जायेगी। **एक बार परीक्षा केन्द्र आवंटन हो जाने के पश्चात् उसमें किसी भी बदलाव हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
- परीक्षा के लिए वरीयता के अनुसार दो शहरों के विकल्प दिये जाने आवश्यक हैं। परीक्षा संस्था द्वारा परीक्षा शहर में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है। किसी परीक्षा शहर में 100 से कम आवेदक (परीक्षार्थी) होने की दशा में उस परीक्षा शहर में परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जाएगा **ऐसी स्थिति में आवेदक को द्वितीय वरीयता वाले परीक्षा शहर अथवा यथासंभव निकटतम शहर में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा।**
- द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

12. आवेदन पत्र से सम्बन्धित जानकारी :–

- **परिषद् द्वारा अभ्यर्थी को उसके द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत किये गये तथ्यों/विवरण के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा किन्तु काउंसिलिंग के समय एस0सी0ई0आर0टी0 द्वारा सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की जॉच कर अन्तिम चयन की कार्यवाही की जायेगी। काउंसिलिंग के समय आवेदन पत्र में दिये गये विवरणों में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा भिन्नता अथवा त्रुटि होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और अभ्यर्थी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।**
- अभ्यर्थी को इस विवरणिका में दिये गये निर्देशानुसार ही द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन करना होगा।
- आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि/समय के बाद किसी भी दशा में कोई आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा और न ही अंतिम तिथि के पश्चात परीक्षा शुल्क स्वीकार किया जायेगा।
- **द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा के लिए जमा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।**

13. परीक्षा शुल्क विवरण :–

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा के लिये शुल्क का भुगतान आवेदक द्वारा बिन्दु संख्या 09 में वर्णित शुल्क के अनुसार ऑनलाइन **इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड/ऑनलाइन पेमेंट/यू0पी0आई0** के माध्यम से किया जायेगा।

14. लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र :–

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की अधिकृत विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। **डाक द्वारा प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जाएंगे, सभी अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र वेबसाइट से डाउनलोड करेंगे।** वेबसाइट पर प्रवेश–पत्र अपलोड होने पर इसकी सूचना यथा समय समाचार–पत्रों एवं एस0एम0एस0/मेल के माध्यम से अभ्यर्थियों को दे दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परिषद् की अधिकृत विभागीय वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में

**DEPARTMENTAL EXAM/DELED** एवं **www.ukdeled.com** आइकन का समय–समय पर अवलोकन करते रहें। **प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्यतः किया जायेगा।**

## 15. परीक्षा कक्ष में प्रवेश :–

- परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी को केवल **परीक्षा प्रवेश पत्र** (एडमिट कार्ड), **बॉलपेन, आधार कार्ड** एवं **फोटोयुक्त पहचान पत्र** (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट, पैन कार्ड में से कोई एक जो आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) ले जाने की अनुमति होगी।
- परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा समाप्ति से पूर्व किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ कर जाने की अनुमति नहीं होगी।
- **अभ्यर्थी के पास अन्य सामग्री जैसे सामान्य कैलकुलेटर, लॉगटेबिल, साइंटिफिक कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, डिजिटल घड़ी या किसी अन्य प्रकार के** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (गैजेट), **मुद्रित या हस्तलिखित सामग्री, सादा कागज (पेपर) आदि पाये जाते हैं तो अभ्यर्थी का प्रकरण अनुचित साधन के प्रयोग में दर्ज किया जायेगा।** परीक्षा में नकल करने अथवा नकल कराने में सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## 16. परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति :–

- परीक्षाओं में ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का प्रयोग किया जाता है। परीक्षाओं में केवल बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। इनमें से **एक ही उत्तर सही/सबसे उपयुक्त उत्तर** होगा।
- प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर एक अंक एवं गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने अथवा त्रुटिपूर्ण ढंग से उत्तर अंकित करने पर शून्य (Zero) अंक प्रदान किया जायेगा। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किए जाएंगे उनके लिये भी शून्य (Zero) अंक प्रदान किये जाएंगे। किसी भी प्रश्न के गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंक (Negative Mark) नहीं दिये जाएंगे।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में अंकित सूचनाओं यथा अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) आदि विकल्प पर किये गये गोले के आधार पर ही उसका मूल्यांकन किया जायेगा। इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका अनुसरण करें।
- अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में प्रवीणता सूची निम्नासनुसार तैयार की जायेगी–
  **(i)** ज्येष्ठ आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवीणता क्रम में ऊपर रखा जायेगा।
  **(ii)** आयु बराबर होने पर उनके नाम वर्णमाला (अंग्रेजी) क्रम में पहले आने वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जायेगा।

## 17. दावा/आपत्ति निराकरण :–

- परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परिषद् द्वारा औपबन्धिक उत्तर–कुंजी (Provisional Answer Key) परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है। यदि किसी परीक्षार्थी को परिषद् द्वारा जारी औपबन्धिक उत्तर–कुंजी (Provisional Answer Key) के किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर **निर्धारित प्रारूप में सप्रमाण दावा/आपत्ति केवल ई–मेल के माध्यम से (deled2015@gmail.com)** पर प्रेषित किया जा सकेगा।

- **प्रत्येक प्रश्न का दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा।** कितने भी प्रश्नों पर दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करने पर उन पर विचार किया जायेगा। **एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने अथवा बिना प्रमाण अथवा निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए उसे अमान्य किया जायेगा।**
- प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर निराकरण किया जाता है। दावा/आपत्ति सही पाये जाने पर उत्तर–कुंजी (Answer Key) में तदनुसार आवश्यक संशोधन या निरसन करने के पश्चात् अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जाती है, जिसे परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है तथा उसी के आधार पर उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन किया जाता है।
- **परिषद् द्वारा जारी अंतिम उत्तर कुंजी पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।**

## 18. परीक्षाफल की घोषणा :–

परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की सावधानीपूर्वक जांच के उपरान्त परिषद् द्वारा नियत अवधि के अन्दर परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा। परीक्षा परिणाम (चयनित अभ्यर्थियों की सूची) परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा तथा आवेदकों को समाचार पत्रों के माध्यम से परीक्षाफल के घोषित होने की सूचना दी जायेगी।

## 19. पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकनः–

- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन (स्कैनिंग) मशीन से किया जाता है, अतः ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है। **अतः पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना** (Re-assessment/Re-counting) **हेतु कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
- परिषद् परीक्षा में प्रयुक्त प्रश्न पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की कार्बन प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति प्रदान करती है।

## 20. परीक्षा संबंधी अभिलेखों का रख–रखाव एवं विनष्टीकरण :–

ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) सहित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा के अभिलेख परीक्षा आयोजन तिथि से एक वर्ष की अवधि तक संरक्षित रखे जायेंगे एवं तत्पश्चात इन्हें विनष्ट (वीड–आउट) कर दिया जायेगा।

## 21. अभ्यर्थियों के लिए अन्य आवश्यक निर्देश :–

**i.** अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु निर्धारित पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। **अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें।**

**ii.** **इस परीक्षा में अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये विवरणों के आधार पर सम्मिलित कराया जायेगा तथा उनका अभ्यर्थन नितान्त औपबंधिक है। काउन्सिलिंग के समय चयनित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जॉच कर अंतिम चयन की कार्यवाही की जायेगी। आवेदन पत्र में दिये गये विवरणों में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा भिन्नता अथवा त्रुटि होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।** इस संबंध में अभ्यर्थी का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**iii.** आवेदन करने से पूर्व निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें तथा उसी के अनुसार आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र में कोई त्रुटि होने की स्थिति में **त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल दिनांक 09 अक्टूबर 2026 से 11 अक्टूबर 2026 तक खोला जायेगा।** इसके उपरान्त **आवेदन पत्र में कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा के पूर्व या परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार संबंधी कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**iv.** अभ्यर्थी अपनी आरक्षण श्रेणी/क्षैतिज श्रेणी, वर्ग एवं अन्य अधिमानों की सही जानकारी आवेदन पत्र में यथोचित स्थान पर दें। **आवेदन पत्र में दी गई गलत जानकारी या गलत आरक्षण श्रेणी/क्षैतिज श्रेणी, वर्ग, आवेदित वर्ग आदि अंकित करने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा और ऐसी स्थिति में उसका अभ्यर्थन/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।**

**v.** **आरक्षण का लाभ कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशानुसार उत्तराखण्ड राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य होगा।**

**vi.** **आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षिक एवं आरक्षण सम्बन्धी अर्हता पूर्ण करता हो। उक्त तिथि के पश्चात् अर्जित शैक्षिक, प्रशिक्षण अर्हताओं एवं आरक्षण संबंधी अर्हता पर विचार नहीं किया जायेगा।**

**vii.** दृष्टिहीन (Blindness), चलन बाधित (Locomotor-Disability) तथा सेरेब्रल पाल्सी (Cerebral Palsy) के अंतर्गत आने वाले आवेदकों (विशेष परिस्थितियों में पठन एवं लेखन क्षमता प्रभावित होने पर अन्य भी) को श्रुतलेखक (लेखन सहायक) की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

**a.** **दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले ऐसे आवेदक, जिन्हें श्रुतलेखक की आवश्यकता होगी उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक की आवश्यकता का अनिवार्यतः उल्लेख करना होगा।** (विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट : चार एवं पांच देखें**)

**b.** दिव्यांग अभ्यर्थी द्वारा स्वयं श्रुतलेखक की व्यवस्था की जाएगी तथा अभ्यर्थी को **दिनांक 02 नवम्बर 2026 तक परिशिष्ट–4(I)** की प्रति, श्रुतलेखक से संबंधित **परिशिष्ट–4(II)** की प्रति, **परिशिष्ट–पांच** की प्रति, श्रुतलेखक की **उच्चतम शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र** की सत्यापित प्रति एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो परिषद् कार्यालय में अनिवार्यतः उपलब्ध करानी होंगी अन्यथा उन्हें श्रुतलेखक की सुविधा का लाभ प्रदान किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**c.** **श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता से, न्यूनतम 02 अकादमिक वर्ष या अधिकतम 03 अकादमिक वर्ष कम, अर्थात श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता स्नातक प्रथम वर्ष से अधिक अथवा इण्टरमीडिएट स्तर से न्यून नहीं होनी चाहिए। अर्थात श्रुतलेखक, शैक्षिक सत्र 2025–26 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण हुआ हो या स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हो या शैक्षिक सत्र 2026–27 में कक्षा 12 में अध्ययनरत हो।**

**viii.** अभ्यर्थी सुनिश्चित हों लें कि उनकी **वांछित शैक्षिक उपाधियां भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से प्राप्त की गयी हों। शैक्षिक/प्रशिक्षण उपाधियां गैर मान्यता प्राप्त संस्थाओं से होने की स्थिति में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है, ऐसी स्थिति में वह स्वयं उत्तरदायी होगा।**

**ix.** **अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र/पंजीकरण संख्या/अनुक्रमांक अपने पास सुरक्षित रखें** तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा संस्था से किये जाने वाले समस्त पत्राचार में उक्त पंजीकरण संख्या/अनुक्रमांक का उल्लेख अवश्य करें।

**x.** अभ्यर्थी को अपना आवेदन पत्र स्वयं भरना होगा। आवेदक नवीनतम फोटो अपलोड करें। हस्ताक्षर, अंगूठे के नमूने सभी स्थानों पर एक ही प्रकार के होने चाहिये।

**xi.** **परीक्षा से संबंधित प्रस्तावित तिथियों/कार्यक्रमों में वैश्विक महामारी के संक्रमण के बचाव/रोकथाम या किसी अन्य कारण के दृष्टिगत परिवर्तन किया जा सकता है,** यदि ऐसा होता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों एवं विभागीय वेबसाइट **वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM/DElEd** एवं **www.ukdeled.com** के माध्यम से अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायी जायेगी। आवेदक नियमित रूप से परिषद् की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**xii.** **परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को कोरोना वायरस जैसी अन्य वैश्विक महामारी के संक्रमण के बचाव/रोकथाम संबंधी निर्देशों सहित समस्त दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।**

**xiii.** द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा से संबन्धित किसी भी वाद हेतु न्यायालयी क्षेत्राधिकार रामनगर (नैनीताल) होगा।

**xiv.** परिषद् के साथ पत्र–व्यवहार हेतु पता निम्नवत है –

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
(डी0एल0एड0 परीक्षा अनुभाग),
पो0ऑ0 रामनगर (नैनीताल), पिन : 244715

**xv.** किसी भी जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते हैं–

- फोन नं0: **(05947)-254275**
  - ✓ **E-mail : deled2015@gmail.com, secy-ubse-uk@nic.in**
- वेबसाइट :
  - ✓ **www.ubse.uk.gov.in, www.ukdeled.com**
- परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु परिषद् के निम्न अधिकारियों से भी सम्पर्क कर सकते हैं–

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | पद नाम | मोबाइल नम्बर | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पूर्णिमा भोज | वरि0प्रशा0अधि0 | 9412977764 | |
| 2 | श्रीमती नमिता पाण्डेय | शोध अधिकारी | 9458357076 | परीक्षा प्रभारी |
| 3 | श्री सुनील रावत | मु0प्र0.अधि0 | 9410579667 | |
| 4 | श्रीमती सुषमा गौरव | उप सचिव | 7830502277 | अनुभाग अधिकारी, D.El.Ed. अनुभाग |
| 5 | श्री सी.पी.रतूड़ी | अपर सचिव | 6396178537 | नोडल अधिकारी, D.El.Ed. परीक्षा |

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

:: महत्वपूर्ण निर्देश ::

अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें अन्यथा की स्थिति में वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**(The candidate should ensure his/her eligibility for D.El.Ed. Entrance Exam 2026, before applying and shall be personally responsible in case he/she is not eligible to apply as per the given eligibility criteria.)**

## द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026
### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु रजिस्ट्रेशन पत्र का प्रारूप

**(आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें. एक बार सेव (Save) होने के उपरान्त कोई भी प्रविष्टि परिषद् की पूर्व अनुमति के बिना परिवर्तित नहीं होगी।)**

आवेदक (अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी) द्वारा आवेदन पत्र स्वयं सही–सही भरा जाय। नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार भरी जाय। किसी भी नाम के आगे Km./Mr./Mrs/Shri/Smt./Dr. आदि अंकित न करें। ऑनलाइन प्रविष्टियां अंग्रेजी भाषा के कैपिटल लैटर्स में तथा संख्यात्मक प्रविष्टियां अन्तर्राष्ट्रीय अंक पद्धति (1, 2, 3, 4..) में अंकित की जानी हैं। रजिस्ट्रेशन के पश्चात् निर्धारित शुल्क एवं बैंक द्वारा प्राप्त ट्रांजेक्शन आई0डी0 के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त ही इस परीक्षा हेतु आवेदन मान्य होगा। समस्त प्रविष्टियों की अंकना अनिवार्यतः की जायेगी। **आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

| क्र0सं0 | विवरण | आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश |
|---|---|---|
| 1.1 | प्रशिक्षण हेतु आवेदित वर्ग | अभ्यर्थी अपनी **स्नातक स्तर की शैक्षिक योग्यता** के आधार पर – **विज्ञान वर्ग (1)** अथवा **विज्ञानेत्तर वर्ग (2) का चयन करें।** वर्ग की अंकना सूचना विवरणिका का अध्ययन करने के बाद सही प्रकार से करें, **बाद में वर्ग परिवर्तन के संबंध में किसी भी प्रकार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा। त्रुटिपूर्ण वर्ग चयन के लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।** |
| 1.2 | स्नातक परीक्षा का विवरण | परीक्षा का नाम, परीक्षा संस्था/विश्वविद्यालय का नाम, परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि (उक्त तिथि, आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व की होनी चाहिये) अंकित करें। |
| 2 | अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम | अभ्यर्थी अपना नाम हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (Capital Letters) में लिखें। नाम के आगे Km./Mr./Mrs/Shri/Smt./Dr. आदि अंकित न करें। |
| 3 | मोबाइल नम्बर | अभ्यर्थी अपना मोबाइल नम्बर अंकित करेंगे। |
| 4 | ई.मेल आई.डी0 | अभ्यर्थी अपना ई–मेल आई.डी0 अवश्य अंकित करेंगे। |
| 5 | लिंग | • यदि आप पुरूष हैं तो **MALE**<br>• यदि आप महिला हैं तो **FEMALE** अथवा<br>• अन्य **TRANSGENDER** अंकित करें। |
| 6 | पिता का नाम | अभ्यर्थी अपने पिता का नाम हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (Capital Letters) में लिखें। नाम के आगे Mr./Shri/ Dr. आदि अंकित न करें। |
| 7 | माता का नाम | अभ्यर्थी अपनी माता का नाम हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (Capital Letter) में लिखें। नाम के आगे Mrs./Smt./ Dr. आदि अंकित न करें। |
| 8 | पति का नाम | विवाहित अभ्यर्थिनी अपने पति का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (Capital Letters) में लिखें। नाम के आगे Mr./Shri/ Dr. आदि अंकित न करें। |
| 9 | वर्ग/जाति | अभ्यर्थी अपनी श्रेणी के अनुसार<br>• सामान्य श्रेणी **(GEN),**<br>• अनुसूचित जाति **(SC),**<br>• अनुसूचित जनजाति **(ST),**<br>• अन्य पिछड़ा वर्ग **(OBC),**<br>• आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(EWS)** अंकित करें। |

| | | |
|---|---|---|
| 10.1 | उप वर्ग | • स्वंतत्रता संग्राम सेनानी आश्रित **(DEPENDENT OF FREEDOM FIGHTER (DFF),**<br>• भूतपूर्व सैनिक (स्वंय) **(EX–SERVICEMAN (Self))**,<br>• अनाथ **(ORPHAN).**<br>• चिन्हित आन्दोलनकारी या उनके आश्रित<br>• **कुशल खिलाड़ी** (ओलम्पिक खेल, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेल, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप, कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल पदक विजेता/प्रतिभाग)<br>• लागू/कोई नहीं **(NONE)**<br>में से अपनी श्रेणी के अनुसार विकल्प अंकित करें।<br>*ध्यान दे*<br>✓ *भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित किसी भी दशा में उप वर्ग भूतपूर्व सैनिक (स्वयं) श्रेणी अंकित न करें।*<br>✓ *"चिन्हित आन्दोलनकारी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसका चिन्हिकरण सक्षम अधिकारी द्वारा राज्य आन्दोलनकारी के रूप में किया गया हो और उसे उक्त सन्दर्भ में प्रमाणपत्र/पहचानपत्र निर्गत किया गया हो। आश्रित से, चिन्हित आन्दोलनकारी की यथास्थिति पत्नी अथवा पति, पुत्र एवं पुत्री (जिसमें विवाहित, विधवा, पति द्वारा परित्यक्त, तलाकशुदा पुत्री भी सम्मिलित है) अभिप्रेत है।* |
| 10.2 | आवेदक के सेना से सेवानिवृत्ति की तिथि | आवेदक के **भूतपूर्व सैनिक (स्वयं)** होने की स्थिति में सेना से सेवानिवृत्ति होने की तिथि अंकित करें। |
| 11.1 | दिव्यांगता/ निःशक्तता **(PH)** की स्थिति | यदि आप शारीरिक रूप से **40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्त (दिव्यांग) हैं तो–**<br>• **हाँ अन्यथा**<br>• **नहीं** अंकित करें। |
| 11.2 | निःशक्तता (दिव्यांगता) का प्रकार | यदि आप निःशक्त (दिव्यांग) हैं तो अपनी दिव्यांगता के प्रकार के अनुसार–<br>• **VISUALLY IMPAIRED** दृष्टिबाधित/निम्न दृष्टि<br>• **HEARING IMPAIRED** बधिर और कम सुनाई देना<br>• **ORTHO /LOCOMOTOR** प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड हमले से पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण<br>• **MULTI** बहुदिव्यांगता **(उक्तवत तीन दिव्यांगताओं में से दो या दो से अधिक हों तो)** अंकित करें। |
| 12 | श्रुतलेखक की आवश्यकता | • **YES**<br>• **NO** |
| 13 | जन्मतिथि | हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अपनी जन्मतिथि की अंकना **DD/MM/YYYY** के फार्मेट में करें। |
| 14.1 & 14.2 | परीक्षा शहर कोड | परीक्षा केन्द्र हेतु अभ्यर्थी किन्हीं दो शहरों के नाम/कोड (परिशिष्ट : दो पर अंकित) वरीयतानुसार (प्रथम एवं द्वितीय) आवेदन पत्र में अंकित करें। **एक बार वरीयता अंकित कर दिए जाने के बाद किसी भी दशा में परीक्षा शहर परिवर्तित नहीं किया जाएगा।** |
| 15 | पत्र व्यवहार का पूर्ण पता (पिन कोड सहित) | अभ्यर्थी अपना पत्र व्यवहार का पता कैपिटल लैटर में साफ–साफ लिखें। पिन कोड (Pin Code) अवश्य और सही लिखें। |
| 16.1 | फोटो पहचान पत्र का प्रकार | अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा तिथि को प्रस्तुत किये जाने वाले फोटो पहचान पत्र<br>• AADHAR CARD<br>• DRIVING LICENCE |

| | | |
|---|---|---|
| | | • VOTER ID<br>• PAN CARD<br>• PASSPORT<br>में से किसी एक की अंकना करें। |
| 16.2 | फोटो पहचान पत्र संख्या | क्रमांक 16.1 पर चयनित किए गए फोटो पहचान पत्र की संख्या अंकित करें। |

- अपनी फोटो अपलोड करें *– **Browse File......**
- अपने हस्ताक्षर अपलोड करें *– **Browse File......**
- अपना अंगूठा निशान अपलोड करें *– **Browse File......**

## : घोषणा :

मैं ........................................................................................पुत्र/पुत्री श्री ......................................................शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि –

1. मैंने ''**प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 : सूचना विवरणिका**'' में अंकित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर लिया है। **मैं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित समस्त अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ।**
2. मुझे ''**प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026**'' हेतु **जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।**
3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त प्रविष्टियां मेरे मूल अभिलेखों पर आधारित हैं तथा मेरे संज्ञान में सही एवं सत्य हैं। मैंने कोई भी तथ्य नहीं छुपाया है। यदि परीक्षा के पूर्व अथवा बाद में जांच उपरान्त मेरे द्वारा दी गयी कोई भी सूचना असत्य अथवा त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् को **मेरा अभ्यर्थन एवं परीक्षाफल निरस्त करने तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।**
4. आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित सभी मूल अभिलेख/दस्तावेज (प्रमाण पत्र/अंक पत्र) आवेदन की अन्तिम तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध हैं। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाये जाने अथवा तथ्य छुपाये जाने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
5. निर्धारित तिथि तक नियत शुल्क जमा करने पर ही मेरा आवेदन ''**प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026**'' हेतु विचारणीय होगा।
6. मैं इस तथ्य से भली–भॉति अवगत हूँ कि द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रशिक्षणोपरांत राजकीय सेवा में सेवायोजित किये जाने की कोई बाध्यता नहीं है। तत्समय प्रचलित सेवा नियमावली में विहित न्यूनतम प्रशिक्षण/अन्य निर्धारित योग्यता धारित करने वाले अभ्यर्थियों को ही नियमानुसार सेवा में लिया जायेगा। **शिक्षकों की नियुक्ति/चयन राज्य सरकार की संगत अध्यापक सेवा नियमावली तथा समय–समय पर जारी नियम/निर्देश के अन्तर्गत ही किया जाता है।**
7. मुझे परिषद् द्वारा पूर्व में किसी भी परीक्षा से प्रतिबन्धित (Debar) नहीं किया गया है।

स्थान :.............................................

दिनांक : ..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम : ...............................................................

पता : .............................................................

परिशिष्ट : एक

# द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026
## ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश

आवेदक सर्वप्रथम परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर **DOWNLOAD INFORMATION BROCHURE** पर क्लिक कर *"प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 : सूचना विवरणिका Two Year D.El.Ed. Entrance Exam 2026 :* ***INFORMATION BROCHURE"*** को डाउनलोड कर उसमें दिये गये निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें। दिये गये ब्लैंक (BLANK) आवेदनपत्र प्रारूप के प्रिन्ट आउट पर अपने अभिलेखों के अनुसार सूचनाएं सही–सही भर लें ताकि ऑनलाइन फार्म भरते समय सरलता से कम समय में फार्म भरा जा सके। **एक मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर एक ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा।**


**:: महत्वपूर्ण निर्देश ::**

ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियां अंग्रेजी **(English)** भाषा के कैपिटल लेटर में भरी जायेंगी। प्रविष्टियां भरने में स्पेशल कैरेक्टर **(@,#,$,%,^,&,*,(),_,+,.,** इत्यादि) का प्रयोग नहीं किया जायेगा। **शुल्क भुगतान के उपरांत ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रविष्टि में संशोधन नहीं होगा।** अतः आवेदक सावधानीपूर्वक प्रविष्टियों की अंकना करें, क्योंकि उसके बाद कोई संशोधन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा।


**प्रारम्भिक शिक्षा में द्विर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026** आवेदन प्रक्रिया के लिए सर्वप्रथम आवेदक वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर क्लिक करें। पेज खुलने पर आवेदक **Applicant Login** पर **New Registration** पर क्लिक करें। पेज खुलने पर दिये गये दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। पेज के अंत में नियत स्थान पर टिक (नियम एवं शर्तें स्वीकार) कर **Proceed to Registration** पर क्लिक करें। पंजीकरण पेज खुल जायेगा।





1. **ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न चरणों में विभाजित है –**
   **सर्वप्रथम ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करना :** इस चरण में सर्वप्रथम **Application Login** पेज खुलेगा। आवेदक **New User Ragistration** पर क्लिक करें। नया पेज खुलने पर पेज पर निर्धारित स्थान पर अपना नाम, पिता का नाम, मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. अंकित कर अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करेगा।
   अंत में नियत स्थान पर **Submit Button click** कर अपना **Registration** सुनिश्चित करें।




अभ्यर्थी को उनके मेल व मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 प्राप्त होंगे, जिन्हें वह निर्धारित स्थान पर भर कर **Verify & Proceed** पर क्लिक करना होगा।





उक्त के बाद निम्नवत पेज डिस्प्ले होगा, आवेदक को **Apply for DELED 2026** पर क्लिक करना होगा।




**2.** आवेदक द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरना **(Step :1)** –

- **Log In** करने पर निम्नवत **Application form** पेज खुलेगा।




- आवेदक सर्वप्रथम आवेदन पत्र **(Application Form)** पर समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण सावधानी के साथ सही–सही भरेगा।
- आवेदन पत्र में सभी सूचनाएं अनिवार्यतः अंकित की जानी है। उनकी अंकना के बिना आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।
- जिन सूचनाओं के आगे चयन **(Select)** का बॉक्स बना है, उस बॉक्स को **Click** करने पर जो **Option** दिखायी देंगे, उनमें से किसी एक का चयन **(Select)** करना होगा।

- आवेदन पत्र में आवेदक (अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी) का नाम, पिता का नाम, ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाइल नम्बर की अंकना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) से स्वतः ही आवेदन पत्र में हो जायेगी।
- प्रशिक्षण हेतु आवेदित वर्ग : अभ्यर्थी को अपनी **स्नातक स्तर की शैक्षिक योग्यता** के आधार पर – 1. **विज्ञान वर्ग** अथवा 2. **विज्ञानेत्तर वर्ग** में से किसी एक का चयन **(Select)** करना होगा। वर्ग की अंकना सूचना विवरणिका का अध्ययन करने के बाद सही प्रकार से करें, **बाद में वर्ग परिवर्तन के संबंध में किसी भी प्रकार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा। त्रुटिपूर्ण वर्ग चयन के लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।**
- स्नातक योग्यता का विवरण : इस कॉलम में आवेदक अपनी स्नातक योग्यता का विवरण एवं संस्था/विश्वविद्यालय का नाम अंकित करेगा। योग्यता प्राप्त करने की तिथि, जैसी कि अंतिम वर्ष के अंक–पत्र पर अंकित हो, **(DD/MM/YYYY)** फार्मेट पर अंकित करनी होगी। **यह तिथि आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व की होनी चाहिये।**
- लिंग : इस कॉलम में आवेदक अपना लिंग अंकित करेगा। आवेदक को दिये गये **(MALE/FEMALE/TRANSGENDER)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- माता का नाम : इस कॉलम में आवेदक को अपनी माता का नाम अंकित करना होगा।
- विवाहित महिला के पति का नाम : यदि आवेदक विवाहित महिला है तो इस कॉलम में आवेदिका अपने पति का नाम अंकित कर सकती हैं।
- वर्ग (जाति) : इस कॉलम में आवेदक अपना वर्ग (जाति) अंकित करेगा। दिये गये विकल्पों **(GEN/OBC/SC/ST/EWS)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग अंकित करने की दशा में आवेदक को परिषद् द्वारा मांगे जाने पर ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व निर्गत सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **नोट :– आरक्षण का लाभ कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशानुसार उत्तराखण्ड राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य होगा।**
- उप वर्ग – इस कॉलम में आवेदक द्वारा क्षैतिज आरक्षण (यदि कोई हो तो) अंकित किया जायेगा। दिये गये विकल्पों **स्वंतत्रता संग्राम सेनानी आश्रित, भूतपूर्व सैनिक (स्वंय), अनाथ, चिन्हित राज्य आन्दोलनकारी या उनके आश्रित, कुशल खिलाड़ी (**ओलम्पिक खेल, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेल, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप, कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल पदक विजेता/प्रतिभाग), **लागू/कोई नहीं** में से अपनी श्रेणी के अनुसार कोई एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। आवेदक को परिषद् द्वारा मांगे जाने पर ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व निर्गत सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लागू न होने की स्थिति में कोई नहीं अंकित करेगा।
- आवेदक के सेना से सेवानिवृत्ति की तिथि : यदि आवेदक द्वारा उपवर्ग में **भूतपूर्व सैनिक (स्वयं)** अंकित किया गया हो तो यहाँ पर अपनी सेना से सेवानिवृत्ति की तिथि अंकित करें। सेवानिवृत्ति की तिथि अभ्यर्थी द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन की तिथि से पूर्व की होनी चाहिये।
- दिव्यांग हैं/नहीं हैं : इस कॉलम में यदि आवेदक **40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्त** (दिव्यांग) **हैं तो हाँ (YES) अंकित** करें, अन्यथा **नहीं (NO)** अंकित करें। (दिव्यांगता) में हाँ (Yes) अंकित करने की दशा में आवेदक को परिषद् द्वारा मांगे जाने पर सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- दिव्यांगता का प्रकार : यदि आवेदक द्वारा दिव्यांगता की स्थिति में हाँ **(YES)** अंकित किया गया हो तो अपनी दिव्यांगता के प्रकार को दिये गये विकल्पों **(VISUALLY IMPAIRED/HEARING IMPAIRED/ORTHO (LOCOMOTOR) /MULTI)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। **उक्त तीन दिव्यांगताओं में से दो या दो से अधिक दिव्यांगता होने पर** आवेदक द्वारा **MULTI का चयन किया जायेगा। MULTI का चयन करने पर एक ड्रॉप–डाउन बॉक्स खुलेगा, जिसमें आवेदक द्वारा अपने से सम्बन्धित दिव्यांगताओं का चयन किया जायेगा।**
- श्रुतलेखक की आवश्यकता है/नहीं हैः इस कॉलम में, यदि **दिव्यांग अभ्यर्थी** को **श्रुतलेखक की आवश्यकता है तो हाँ (YES) अंकित** करें, अन्यथा **नहीं (NO)** अंकित करें। ऐसे आवेदकों को **02 नवम्बर, 2026 तक परिशिष्ट–4(I)** की प्रति, श्रुतलेखक से संबंधित **परिशिष्ट–4(II)** की प्रति, **परिशिष्ट–पॉच** की प्रति, श्रुतलेखक की **उच्चतम शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र** की प्रति एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो को परिषद् कार्यालय में अनिवार्यतः उपलब्ध करानी होंगी अन्यथा उन्हें श्रुतलेखक की सुविधा का लाभ प्रदान करना सम्भव नहीं होगा।
- जन्मतिथि : इस कॉलम में आवेदक अपनी जन्मतिथि अंकित करेगा। जो **(DD/MM/YYYY)** फार्मेट पर अंकित करनी होगी।
- परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रथम वांछित शहर : इस कॉलम में आवेदक जिस परीक्षा शहर से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है उस परीक्षा शहर का चयन करें। आवेदक को दिये गये 29 परीक्षा शहरों के विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। परीक्षा शहर का चयन सावधानी से करें, एक बार चयनित कर लिये गये परीक्षा शहर में परिवर्तन की अनुमति किसी भी दशा में प्रदान नहीं की जायेगी।
- परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु द्वितीय वांछित शहर : इस कॉलम में आवेदक प्रथम परीक्षा शहर से भिन्न दूसरे परीक्षा शहर का चयन करें। अभ्यर्थी को दिये गये परीक्षा शहरों के विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- पत्र व्यवहार का पता : इस कॉलम में आवेदक को अपने पत्र व्यवहार का पूरा पता अंकित करना होगा।

- प्रदेश : इस कॉलम में आवेदक अपने पत्र व्यवहार के पते के प्रदेश (राज्य) के नाम का चयन **(Select)** करेगा।
- जनपद : इस कॉलम में आवेदक अपने पत्र व्यवहार के पते के जनपद (जिले) के नाम का चयन **(Select)** करेगा।
- पिन कोड नम्बर : इस कॉलम में आवेदक को अपने पत्र व्यवहार का **पिनकोड नम्बर** अंकित करना होगा।
- अभ्यर्थी का पहचान पत्र : इस कॉलम में आवेदक द्वारा फोटो पहचान पत्र हेतु वर्णित विकल्पों **(AADHAR CARD, PAN CARD, VOTER ID, PASSPORT, DRIVING LICENCE)** में से किसी एक का चयन **(Select)** किया जायेगा। वर्णित फोटो पहचान पत्र को परीक्षा के समय या किसी भी समय मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा
- फोटो पहचान पत्र संख्या : इस कॉलम में आवेदक को चयनित फोटो पहचान पत्र की संख्या अंकित करनी होगी।

आवेदन पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थी *"प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 : सूचना विवरणिका* ***Two Year D.El.Ed. Entrance Exam 2026 : INFORMATION BROCHURE"*** का अध्ययन कर लें एवं तद्नुसार ही अपनी शैक्षिक आदि अर्हताओं के आधार पर आवेदन करें। अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वह इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें क्योंकि इसी विवरण के आधार पर ही उसे प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा रही है। त्रुटिपूर्ण अर्हता/सूचना अंकित करने पर अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा और ऐसी स्थिति में उसका अभ्यर्थन/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

उक्तवत सूचना अंकित करने के उपरांत आवेदक **Save & Next →** को क्लिक कर अगले चरण में प्रवेश करेगा।

**3.** आवेदक द्वारा फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान अपलोड करना **(Step : 2, Upload Photo)** –

- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरने के बाद इस चरण **(2. Upload Photo)** पेज निम्नवत खुलेगा–




- आवेदक अपनी फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान अपलोड करेगा।
- फोटो हेतु निर्धारित बॉक्स में आवेदक द्वारा अपनी **नवीनतम स्पष्ट फोटो** अपलोड की जायेगी। इसके लिए आवेदक को **Live Camara Photo** और **Choose File** का विकल्प दिया गया है। आवेदक **Live Camara Photo** विकल्प का चयन कर अपनी **Live Photo** क्लिक करें जो कि ऑटो अपलोड हो जायेगी अथवा आवेदक कम्प्यूटर पर अपनी नवीनतम फोटो स्कैन कर फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज 05 से 100 के0बी0 **(jpg FORMAT)** हो (इससे अधिक साइज एवं अन्य फॉर्मेट का फोटो अपलोड नहीं होगा)। **Choose File** बटन के माध्यम से फोटो का चयन कर उसे अपलोड करें।
- हस्ताक्षर हेतु निर्धारित बॉक्स में आवेदक द्वारा अपने **स्पष्ट हस्ताक्षर** अपलोड किये जायेंगे। इसके लिए आवेदक कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपने हस्ताक्षर की एक फाइल तैयार कर लें जिसका साइज 02 से 50 के0बी0 **(jpg FORMAT)** हो

(इससे अधिक साइज एवं अन्य फॉर्मेट का हस्ताक्षर अपलोड नहीं होगा)। **Choose File** बटन के माध्यम से हस्ताक्षर का चयन करें तथा उसे अपलोड करें।

- अंगूठा निशान हेतु निर्धारित बॉक्स में आवेदक द्वारा अपने बायें हाथ के **अंगूठे का निशान** अपलोड किया जायेगा। इसके लिए आवेदक कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपने **अंगूठा निशान** की एक फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज 10 से 150 के0बी0 **(jpg FORMAT)** हो (इससे अधिक साइज एवं अन्य फॉर्मेट का अपलोड नहीं होगा)। **Choose File** बटन के माध्यम से **अंगूठा निशान** का चयन करें तथा उसे अपलोड करें।


  उक्तवत फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान अपलोड करने के उपरांत आवेदक **Save & Next →** को क्लिक कर अगले चरण में प्रवेश करेगा।

4. आवेदन पत्र एवं अपलोड फोटो/हस्ताक्षर में संशोधन करना **(Step :3)** –

- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरने के बाद इस चरण **(3. Preview)** जो पेज खुलेगा उसमें आपके द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी समस्त सूचनाएं (अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर सहित) आपके अवलोकन हेतु निम्नवत उपलब्ध होंगीं।




- इस चरण में आवेदक अपने आवेदन पत्र में भरी गयी सूचनाओं/विवरण, फोटो, हस्ताक्षर आदि की जॉच कर सकेंगे। कोई त्रुटि पाये जाने पर वांछित सुधार कर सकते हैं।



**घोषणा :**

मैं **ABC** पुत्र / पुत्री श्री **XYZ** शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि –

1. मैंने "प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.E.d.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 : सूचना विवरणिका" में अंकित अर्हताओं एवं दिशा-निर्देशों का भली-भाँति अध्ययन कर लिया है। मैं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित समस्त अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ।
2. मुझे "प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.E.d.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026" हेतु जारी समस्त दिशा-निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।
3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त प्रविष्टियां मेरे मूल अभिलेखों पर आधारित हैं तथा मेरे संज्ञान में सही एवं सत्य हैं। मैंने कोई भी तथ्य नहीं छुपाया है। यदि परीक्षा के पूर्व अथवा बाद में जांच उपरान्त मेरे द्वारा दी गयी कोई भी सूचना असत्य अथवा त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् को मेरा अभ्यर्थन एवं परीक्षाफल निरस्त करने तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
4. आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित सभी मूल अभिलेख/दस्तावेज (प्रमाण पत्र/अंक पत्र) आवेदन की अन्तिम तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध हैं। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाये जाने अथवा तथ्य छुपाये जाने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
5. निर्धारित तिथि तक नियत शुल्क जमा करने पर ही मेरा आवेदन "प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.El.E.d.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026" हेतु विचारणीय होगा।
6. मैं इस तथ्य से भली-भाँति अवगत हूँ कि द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रशिक्षणोपरांत राजकीय सेवा में सेवायोजित किये जाने की कोई बाध्यता नहीं है। तत्समय प्रचलित सेवा नियमावली में विहित न्यूनतम प्रशिक्षण/अन्य निर्धारित योग्यता धारित करने वाले अभ्यर्थियों को ही नियमानुसार सेवा में लिया जायेगा। शिक्षकों की नियुक्ति/चयन राज्य सरकार की संगत अध्यापक सेवा नियमावली तथा समय-समय पर जारी नियम/निर्देश के अन्तर्गत ही किया जाता है।
7. मुझे परिषद् द्वारा पूर्व में किसी भी परीक्षा से प्रतिबन्धित (Debar) नहीं किया गया है।

**स्थान : Thrissur**
**दिनांक : 12-09-2026**

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**नाम : ABC**
**पता : sushmagaurav78@gmail.com, Thrissur, Kerala, 261354**

☐ **I accept all the terms and declare that the information provided is true to the best of my knowledge.**


यदि आवश्यक हो तो **← Previous** में क्लिक कर विवरण सही अंकित करने के उपरांत आवेदक पेज के अंत में ☑ **I accept all the terms and declare that the information provided is true to the best of my knowledge.** में क्लिक कर **Confirm & Proceed to Payment** को क्लिक कर अगले चरण में प्रवेश करेगा।

- इस प्रक्रिया के बाद आवेदक द्वारा भरी गयी किसी सूचना में परिवर्तन संभव नहीं होगा।

आवेदन की उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् ही आवेदन शुल्क जमा करने हेतु **Step- 4** का प्रयोग करें।

5. आवेदन फीस का भुगतान करना (Step :4) –

- इस चरण **(4. Payment)** में जो पेज खुलेगा उसमें आपके आवेदन के अनुसार परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु निम्नवत सूचना (आवेदन शुल्क की धनराशि सहित) प्रदर्शित होगी –




- आवेदक **Pay ₹150** में क्लिक करेंगे।
- निम्नवत पेज खुलेगा जिसमें आवेदक अपनी सुविधा के विकल्प के अनुसार निर्धारित आवेदन फीस (परीक्षा शुल्क) का भुगतान करेंगे।




- आवेदन शुल्क जमा करने सम्बन्धी दिशा निर्देशों को डाउनलोड कर उनका भली–भाँति अध्ययन कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।
- आवेदक द्वारा निर्धारित तिथि तक ही शुल्क जमा किया जा सकेगा, निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने पर अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा।
- आवेदन शुल्क केवल पेज पर प्रदर्शित भुगतान के विकल्पों **Internet banking/Debit/Credit cards/Online Payment/UPI** के माध्यम से ही जमा किया जा सकता है, अन्य किसी माध्यम से शुल्क जमा नहीं किया जा सकेगा।
- **शुल्क का भुगतान पूर्ण सावधानी एवं सजगता से करें। एक से अधिक बार शुल्क जमा होने के लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा, किसी भी दशा में जमा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।**

4. **आवेदन पत्र पूर्ण कर आवेदन का प्रिंट आउट लेना (Step :5) –**

- आवेदन शुल्क के भुगतान के पश्चात वेबसाइट पर दिये गये **Print Application for D.El.Ed. Ent. Exam 2026** पर क्लिक करें।
- पेज पर आवेदक का आवेदन पत्र प्रदर्शित होगा।
- आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट निकालकर अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।
- इस प्रकार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

**आवेदक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय भरे गये विवरण, ऑनलाइन फीस पेमेंट का प्रिन्ट आउट तथा पूर्ण आवेदन का प्रिन्ट आउट अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें। इनकी आवश्यकता भविष्य में पड़ेगी।**

## परिशिष्ट : दो

# द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा शहरों की सूची

## D.El.Ed. Entrance Exam 2026 : List Of Exam Cities

लिखित परीक्षा का आयोजन राज्य के 29 शहरों में किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शहरों के नाम एवं कोड निम्नवत् हैं–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | परीक्षा शहर का नाम | परीक्षा शहर कोड |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिद्वार (HARIDWAR) | हरिद्वार (HARIDWAR) | **01** |
| | | रूड़की (ROORKEE) | **02** |
| 2 | देहरादून (DEHRADUN) | देहरादून (DEHRADUN) | **03** |
| | | ऋषिकेश (RISHIKESH) | **04** |
| 3 | उत्तरकाशी (UTTARKASHI) | उत्तरकाशी (UTTARKASHI) | **05** |
| | | बड़कोट (BARKOT) | **06** |
| 4 | टिहरी गढ़वाल (TEHRI GWL.) | नई टिहरी (NEW TEHRI) | **07** |
| | | नरेन्द्रनगर (N.NAGAR) | **08** |
| 5 | पौड़ी गढ़वाल (PAURI GWL.) | पौड़ी (PAURI) | **09** |
| | | श्रीनगर (SRINAGAR) | **10** |
| | | कोटद्वार (KOTDWAR) | **11** |
| 6 | चमोली (CHAMOLI) | गोपेश्वर (GOPESHWAR) | **12** |
| | | कर्णप्रयाग (KARANPRAYAG) | **13** |
| 7 | रुद्रप्रयाग (RUDRAPRAYAG) | रुद्रप्रयाग (RUDRAPRAYAG) | **14** |
| | | अगस्त्यमुनि (AGASTYAMUNI) | **15** |
| 8 | पिथौरागढ़ (PITHORAGARH) | पिथौरागढ़ (PITHORAGARH) | **16** |
| | | बेरीनाग (BERINAG) | **17** |
| | | डीडीहाट (DIDIHAT) | **18** |
| 9 | चम्पावत (CHAMPAWAT) | चम्पावत (CHAMPAWAT) | **19** |
| | | टनकपुर (TANAKPUR) | **20** |
| 10 | अल्मोड़ा (ALMORA) | अल्मोड़ा (ALMORA) | **21** |
| | | रानीखेत (RANIKHET) | **22** |
| 11 | बागेश्वर (BAGESHWAR) | बागेश्वर (BAGESHWAR) | **23** |
| | | गरूड़ (GARUR) | **24** |
| 12 | नैनीताल (NAINITAL) | नैनीताल (NAINITAL) | **25** |
| | | हल्द्वानी (HALDWANI) | **26** |
| | | रामनगर (RAMNAGAR) | **27** |
| 13 | ऊ0सि0 नगर (U.S. NAGAR) | रुद्रपुर (RUDRAPUR) | **28** |
| | | काशीपुर (KASHIPUR) | **29** |

परीक्षा केन्द्र हेतु वरीयता के अनुसार दो शहरों के विकल्प दिये जाने आवश्यक हैं। **एक बार परीक्षा केन्द्र आवंटन हो जाने के पश्चात् उसमें किसी भी बदलाव हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।** किसी परीक्षा शहर में 100 से कम आवेदक (परीक्षार्थी) होने की दशा में उस परीक्षा शहर में परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जाएगा। **ऐसी स्थिति में आवेदक को द्वितीय वरीयता वाले परीक्षा शहर अथवा यथासंभव निकटतम शहर में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा।**

## परिशिष्ट : तीन

## द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 के आयोजन के दौरान पालन की जाने वाली वाली प्रक्रिया

1. परीक्षा के लिये सामान्य निर्देश :–

- परीक्षा कक्ष / हॉल परीक्षा आरंभ होने के 45 मिनट पूर्व खोल दिये जायेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा कक्ष / हॉल खुलने के तत्काल बाद अपना स्थान ग्रहण कर लें ताकि वे परीक्षा के सम्बन्ध में दिये जाने वाले सामान्य निर्देशों को सुन सकें।
- परीक्षा आरम्भ होने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। विलम्ब हेतु अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
- केन्द्र अधीक्षक अथवा सम्बन्धित कक्ष निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई भी अभ्यर्थी तब तक अपनी सीट अथवा परीक्षा कक्ष को नहीं छोड़ेगा, जब तक परीक्षा का पूरा समय समाप्त नहीं हो गया हो। अभ्यर्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका ड्यूटी पर उपस्थित निरीक्षक को सौंपे बिना कक्ष / हॉल से बाहर नहीं जायेगा।
- परीक्षा में बैठने के लिए प्रवेश–पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है। बिना प्रवेश–पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र को भविष्य में रिकार्ड के लिए सुरक्षित रखें। यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश–पत्र बिना फोटो के है अथवा फोटो स्पष्ट नहीं है तो वह परीक्षा केन्द्र पर अपने दो नवीनतम फोटो एवं आधार कार्ड को प्रस्तुत करेगा।
- प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर अपने साथ अपनी पहचान हेतु प्रवेश–पत्र के साथ एक पहचान पत्र (आई0डी0) जो कि उनके द्वारा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट, पैनकार्ड) लाना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल / कक्ष के भीतर प्रवेश–पत्र और काले / नीले बॉल प्वाइंट पेन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, **सामान्य कैलकुलेटर, लॉगटेबिल, साइंटिफिक केलकुलेटर, मोबाईल फोन, पेजर डिजिटल घड़ी या किसी अन्य प्रकार की** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (गैजेट), मुद्रित / लिखित सामग्री, कागज के टुकड़े आदि ले जाने की अनुमति नहीं है।
- अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में बिल्कुल शांत रहेंगे। केवल अपने प्रश्नपत्र को ही ध्यान लगा कर हल करेंगे। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के वार्तालाप, इशारे या व्यवधान को दुर्व्यवहार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित तरीकों का प्रयोग करता हुआ अथवा किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देता हुआ पाया गया तो उसका अभ्यर्थन निरस्त करते हुए उसे अपराध की प्रकृति के अनुरूप स्थाई रूप से अथवा एक निर्दिष्ट अवधि के लिए परीक्षा देने से वंचित कर दिया जाएगा।
- परीक्षा में नकल करने अथवा नकल कराने में सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध **नियमानुसार विधिक** कार्यवाही की जायेगी।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ एक कार्ड बोर्ड अथवा क्लिप बोर्ड लेकर आयें जिस पर कुछ भी नहीं लिखा होना चाहिये ताकि परीक्षा कक्ष / हॉल में उन्हें उपलब्ध करायी गयी मेजों की सतह समतल न होने की स्थिति में अपने उत्तर अंकित करने में कठिनाई न हो। उन्हें अपने साथ अच्छी गुणवत्ता के काले / नीले बॉल प्वाइंट पेन लाने चाहिये। इन्हें परिषद् द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
- परीक्षा कक्ष / हॉल में धूम्रपान करना, पान / गुटका चबाना, थूकना सख्त मना है। परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में चाय, कॉफी, शीतल पेय या किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है।
- परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान कोरोना वायरस (COVID-19) जैसे अन्य संक्रमण के बचाव / रोकथाम संबंधी भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों / निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा इस हेतु परिषद् एवं परीक्षा केन्द्र द्वारा प्रसारित निर्देशों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा।

2. प्रश्न पुस्तिका (टेस्ट–बुकलेट) तथा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के प्रयोग के लिये निर्देश :–

- परीक्षा प्रारम्भ होने के तीस मिनट पूर्व अभ्यर्थी को एक ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक प्रदान किया जायेगा। जिस पर अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक आदि की अंकना करेंगे। अंकना से पूर्व ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक **की भली–भॉति जॉच कर लें कि वह सही तरह से मुद्रित हो, कटा–फटा, विकृत अथवा त्रुटिपूर्ण मुद्रित न हो, यदि इस प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो तत्काल उसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर दूसरा** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक प्राप्त **कर लें।** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक सावधानी से भरें, **अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को विकृत कर देने की स्थिति में किसी भी दशा में दूसरा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक नहीं दिया जायेगा।**
- अभ्यर्थी को परीक्षा में उपलब्ध करायी गयी सीलबंद प्रश्न–पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अंकित प्रश्न पुस्तिका सेट यथा A/B/C/D अथवा W/X/Y/Z अथवा कोई अन्य जो भी अंकित होगा एवं क्रमांक की अंकना अभ्यर्थी द्वारा अपने ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर की जायेगी। प्रश्न–पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर भी अभ्यर्थी द्वारा अपने अनुक्रमांक आदि की अंकना बॉल प्वाइंट पेन से करनी होगी।
- अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका (टेस्ट–बुकलेट) की सील तभी खोलेंगे, जब कक्ष निरीक्षक द्वारा **पुस्तिका की सील खोलने और प्रश्न पत्र हल करने को निर्देशित किया जायेगा। सील खोलने के तत्काल बाद अभ्यर्थी प्रश्न पुस्तिका की भली–भॉति जॉच कर लें कि उसमें सभी पृष्ठ मुद्रित हों, कोई पेज कटा–फटा, कम, विकृत अथवा त्रुटिपूर्ण मुद्रित न हो, यदि इस प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो तत्काल उसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर उसी सेट/सीरीज (यथा स्थिति** A/B/C/D अथवा W/X/Y/Z **अथवा अन्य में से जो भी पूर्व में परीक्षार्थी को दी गयी थी) की दूसरी प्रश्न–पुस्तिका प्राप्त कर लेंगे।**
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में सभी प्रविष्टियॉ काले/नीले बाल–प्वाइट पेन से की जायेंगी। पेंसिल का किसी भी दशा में प्रयोग नहीं किया जायेगा। यदि कोई पेंसिल का प्रयोग करता है तो उत्तर पत्रक अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- अभ्यर्थी को उपस्थिति/सत्यापन–पत्रक में उपयुक्त स्थान पर हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान लगाना होगा। हस्ताक्षर उसी प्रकार के होने चाहिये जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र में किये गये हैं।
- अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने एवं प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) आदि विकल्प के गोले काले न करने की स्थिति में उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुसरण करें।
- अभ्यर्थी द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में अंकित सूचनाओं यथा अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) आदि विकल्प पर किये गये गोले के आधार पर ही उसका मूल्यांकन किया जायेगा एवं इस सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुसरण करें एवं गोलों को पूर्ण सावधानी से भरें।


3. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर उत्तर अंकित करने के लिये महत्वपूर्ण निर्देश :–

- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी द्वारा उत्तर अंकित करने के लिये प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिये केवल एक वृत्ताकृति (गोले) को बाल–प्वाइंट पेन से पूरी तरह गहरा (काला) करना होगा। **ओ०एम०आर०** उत्तर पत्रक **भरने का**

सही तरीका




गलत तरीका



- उदाहरण के लिये प्रश्न पुस्तिका में आया प्रश्न संख्या 50 इस प्रकार है–

  50. नेपाल की राजधानी है–

      A. काठमांडू
      B. कोलम्बो
      C. दुबई
      D. ढाका

  इस प्रश्न का सही उत्तर A काठमांडू है अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक में प्रश्न संख्या 50 ढूंढना होगा तथा प्रश्न संख्या 50 के सम्मुख A को गहरा (काला) करना होगा। सही उत्तर अंकित करने का तरीका निम्नवत है–

  50. 

  - उक्त अंकित तरीके से, भिन्न तरीके से दिया गया उत्तर त्रुटिपूर्ण माना जायेगा और उनका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
  - एक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही उत्तर (एक ही वृत्त) को गहरा (काला) करें।
  - एक बार अंकित उत्तर को बदला नहीं जा सकेगा। अभ्यर्थी उपयुक्त विकल्प (उत्तर) को गहरा (काला) करने से पूर्व उत्तर की सटीकता के विषय में स्वयं को पूर्णतः संतुष्ट कर लें क्योंकि एक बार अंकित कर लिये गये उत्तर में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा इस प्रकार का कार्य किया जाता है तो उसे त्रुटिपूर्ण मानते हुये सम्बन्धित प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
  - हल्का अथवा धुंधला काला किया गया वृत्त मार्किंग की गलत पद्धति माना जायेगा तथा ऑप्टिकल स्केनर द्वारा इसे अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
  - यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो उसे प्रश्न के सम्मुख दिये गये वृत्तों में से किसी को भी काला नहीं करना चाहिये।
  - ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को **मोड़ें नहीं** और न ही उस पर **कोई अवांछनीय निशान** लगायें।
  - ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की द्वितीय प्रति जो कार्बनलैस है, ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के साथ संलग्न है। **परीक्षार्थी प्रश्नपत्र हल करने के उपरान्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक से द्वितीय प्रति को निर्धारित स्थान से पृथक कर** मूल ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक कक्ष निरीक्षक को सौंप देंगे **तथा द्वितीय प्रति (कार्बन प्रति) अपने साथ ले जा सकते हैं। द्वितीय प्रति निकालते समय ध्यान रहे कि मूल ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक क्षतिग्रस्त न हो।**
  - मूल्यांकन के समय किसी अभ्यर्थी के ओ0एम0आर0 उत्तर–पत्रक की गैर–उपलब्धता के विषय में किसी विसंगति के मामले में यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी टेस्ट–बुकलेट के साथ उत्तर–पत्रक को भी अपने साथ ले गया है तथा ऐसे मामले में अभ्यर्थी का परिणाम रद्द कर दिया जायेगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।
  - ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में किसी भी प्रकार का रफ कार्य न करें। समस्त रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थल पर ही करें।
  - **अभ्यर्थी को प्रश्न पुस्तिका साथ में ले जाने की अनुमति है।**

## परिशिष्ट : चार

**शासनदेश संख्याः 374(1)/XXX(2)/2019–30(5)/2014देहरादून, 20 नवम्बर, 2019 के अनुपालन में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक एवं अन्य सुविधा प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में मार्गदर्शी सिद्धान्तः–**

1. परिषद् द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में Benchmark विकलांगता धारित अभ्यर्थी जो Blindness (अंधता) locomotor disability (चलन प्रक्रिया) तथा Cerebral Palsy (मस्तिष्क घात) से ग्रस्त हैं तथा इसके अतिरिक्त वे समस्त अभ्यर्थी जो देश के किसी भी क्षेत्र में अवस्थित **सक्षम स्वास्थ्य प्राधिकारी (मुख्य चिकित्साधिकारी/शल्य चिकित्सक/चिकित्सा अधीक्षक) द्वारा निर्गत परिशिष्ट–4(I) प्रारुप में प्रमाण पत्र धारित करते हैं,** को श्रुतलेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा उक्त का दावा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में करना होगा। **02 नवम्बर, 2026 तक अभ्यर्थी को परिशिष्ट–4(I) की प्रति, श्रुतलेखक से संबन्धित परिशिष्ट–4(II) की प्रति, परिशिष्ट पांच की प्रति, श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं श्रुतलेखक की दो फोटो परिषद् कार्यालय में उपलब्ध करानी होंगी।**
2. अभ्यर्थी द्वारा स्वयं श्रुतलेखक की व्यवस्था की जाएगी। **श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता से, न्यूनतम 02 अकादमिक वर्ष या अधिकतम 03 अकादमिक वर्ष कम होनी चाहिए। अर्थात श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता स्नातक प्रथम** वर्ष से अधिक अथवा इण्टरमीडिएट स्तर से न्यून नहीं होनी चाहिए। अर्थात श्रुतलेखक, शैक्षिक सत्र 2025–26 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण हुआ हो या स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हो या शैक्षिक सत्र 2026–27 में कक्षा 12 में अध्ययनरत हो।
3. श्रुतलेखक की सुविधायुक्त दिव्यांग अभ्यर्थियों को 20 मिनट प्रति घंटे का क्षतिपूर्ति समय प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दृष्टिहीन/कम दृष्टि वाले उम्मीदवार और अन्य दिव्यांग उम्मीदवार, जिनकी लेखन गति किसी भी कारण से स्थाई रूप से प्रभावित है चाहे वे श्रुतलेखक का उपयोग कर रहे हों अथवा नहीं उन्हें भी परीक्षा के प्रत्येक घण्टे के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
4. दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक दशा में भू–तल के निर्धारित परीक्षा–कक्ष में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**APPENDIX-4(I)**

## Certificate regarding physical limitation in an examinee to write

This is to certify that, I have examined Mr/Ms/Mrs …………………..(name of the candidate with disability), a person with …………….. (nature and percentage of disability as mentioned in the certificate of disability), S/o/D/o …………………….. , a resident of …………………… (Village/District/State) and to state that he/she has physical limitation which hampers his/her writing capabilities owing to his/her disability.

Signature

Chief Medical Officer/Civil Surgeon/Medical Superintendent
Of a Government Health care institution

Name & Designation

Name of Government Hospital/Health care Centre with seal

Place:
Date:

**Note**:

Certificate should be given by a specialist of the relevant stream/disability (eg. Visual impairment- Ophthalmologist, locomotor Disability-Orthopedicspecialist/PMR).

**APPENDIX-4(II)**

## Letter of Undertaking for using own Scribe

I ………………………………., a candidate with …………………………….(name of the disability), appearing for the ……………………….. (name of the examination) bearing Roll No ……………………. at ………………………………. (name of centre) in the district ……………………..,……………………… (name of the state). My qualification is ……………….. .

I do hereby state that ………………………………..(name of the scribe) will provide the service of scribe/reader/lab assistant for the undersigned for taking the aforesaid examination.

I do hereby undertake that his qualification is ……………………. . In case, subsequently it is found that his qualification is not as declared by the undersigned and is beyond my qualification, I shall forfeit my right to the post and claims relating thereto.

(Signature of the candidate with Disability)

Place:
Date:

## परिशिष्टः पॉच

## दिव्यांग अभ्यर्थी (PWD)द्वारा भरा जाने वाला घोषणा पत्र
## श्रुतलेखक का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी हेतु घोषणा पत्र
## (स्वयं के श्रुतलेखक/रीडर का उपयोग करने हेतु घोषणा पत्र)

मैं अधोहस्ताक्षरी, श्री/श्रीमती/कुमारी.........................................,...............................................(परीक्षा का नाम) ................................................अनुक्रमांक/पंजीकरण सं0.....................................परीक्षा केन्द्र.................................................... ............... उत्तराखण्ड में उपस्थित हो रहे/रही हूँ। मेरी उच्चतम शैक्षिक योग्यता...................................व श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता...........................................है। हम (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) यह घोषणा करते हैं कि.......................... ...........(श्रुतलेखक का नाम) उपरोक्त परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार हेतु श्रुतलेखक/रीडर की सेवा प्रदान करेगा। हमने (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) इस व्यवस्था के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा प्रदत्त सभी निर्देश ठीक से पढ़ लिए हैं तथा उनका पालन करने का वचन देते हैं। हम यह भी घोषणा करते हैं कि श्रुतलेखक इस परीक्षा का उम्मीदवार नहीं है।

हमें (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) यह भी विदित है कि परीक्षा के दौरान या परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत किसी भी समय यह पता चलने पर कि हम पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करते हैं या हमारे द्वारा दी गई जानकारी गलत/असत्य है या हमारे द्वारा किन्हीं तथ्यों को छुपाया गया है, या कि श्रुतलेखक की योग्यता घोषित योग्यतानुसार नहीं है तो,उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) को **मेरा** (उम्मीदवार) **अभ्यर्थन एवं परीक्षाफल निरस्त करने तथा हमारे**(उम्मीदवार व श्रुतलेखक) **विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व हमारा होगा।**

(...................................................) (...................................................)

श्रुतलेखक के हस्ताक्षर व बांये हाथ के अंगूठे का निशान
पहचान पत्र का प्रकार :
उच्चतम शैक्षिक योग्यता :
पत्राचार का पता :

| श्रुतलेखक का (श्रुतलेखक एवं अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित) नवीनतम फोटो |
|---|

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व बांये हाथ के अंगूठे का निशान
अनुक्रमांक :
परीक्षा का नाम :
केन्द्र का नाम :
परीक्षा तिथि :
मोबाइल नं0 :
पत्राचार का पताः

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर केन्द्र व्यवस्थापक के हस्ताक्षर

- ❖ *परीक्षा के समय आवेदक को अपना दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं श्रुतलेखक/रीडर को अपना पहचान पत्र व उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र मूल रूप में साथ रखना अनिवार्य है।*
- ❖ *कृपया घोषणा पत्र के साथ आवेदक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं श्रुतलेखक का पहचान पत्र (फोटो आई0डी0), नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो एवं शैक्षिक दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति परिषद् एवं केन्द्र व्यवस्थापक को जमा करें।*

## द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 : महत्वपूर्ण सूचना एक दृष्टि में

## IMPORTANT INFORMATION AT A GLANCE FOR D.El.Ed. Entrance Exam 2026

| | | |
|---|---|---|
| **1** | Online Submission of application through BSEU-DELED website : **www.ukdeled.com** | **15.09.2026 to 06.10.2026 Up to 11:59 PM** |
| **2** | Last date for payment of fee through E-Banking or Debit/Credit Card by the candidate | **08.10.2026 Up to 11:59 PM** |
| **3** | Duration for corrections in certain particulars | **09.10.2026 To 11.10.2026 (11:59 PM)** |
| **4** | Download Admit Card | **From Board's website** |
| **5** | Date of Examination | **As indicated on the Admit Card** |
| **6** | Centre of Examination | **As indicated on the Admit Card** |
| **7** | Material to be brought on the day of examination | **Downloaded Admit Card and ID Proof (any of the following documents such as Aadhar card/ Driving Licence/ Voter ID/Passport/ PAN Card.** |

## द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 : समय सारणी

## TIME SCHEDULE : D.El.Ed. Entrance Exam 2026

| Particulars | Time |
|---|---|
| **PROPOSED DATE OF EXAMINATION** | **18 November, 2026 (Wednesday)** |
| ➢ Entry in the Examination Hall | 9:00 AM |
| ➢ Checking of Admit Cards | 09:00 AM to 09:30 AM |
| ➢ Distribution of OMR Answer Sheets | 09:30 AM |
| ➢ Seal of the Test Booklet to be broken | 09:55 AM |
| ➢ Test Commences | 10:00 AM |
| ➢ Test Concludes | 12:30 PM |